संक्षिप्त

सोलर प्लेट केबल चोरी

सिरस। गांव वजीराबाद व खलीलाबाद में किसानों के कुओं पर लगी करीब डेढ़ लाख रूपए की लागत की सोलर प्लेट केबल को चोर काटकर ले गए। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सूचना पर बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। किसानों ने बरोनी पुलिस को बताया कि रामजीलाल मीणा, सूरज मीणा, पप्पूलाल मीणा, प्रहलाद जाट व राम कल्याण जाट के कुओं पर लगी सोलर प्लेट की केबलों को अज्ञात चोर काटकर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई कुओं पर लगी सोलर प्लेट की केबले भी चोरी हो चुकी है। क्षेत्र के किसानों ने चोर गिरोह को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। बरौनी पुलिस ने केबल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

बालकिशन संयोजक मनोनीत

श्रीमाधोपुर ।स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान की भरतपुर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला एवं विचार वर्ग में कस्बे के बालकिशन चेजारा को अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र दुबे क्षेत्रीय संयोजक सतीश आचार्य प्रांत संयोजक सुरेंद्र कुमार नामा की अभिशंसा पर विभाग संयोजक निर्मल सिंह द्वारा श्रीमाधोपुर तहसील संयोजक के पद पर नियुक्त किया है ये शीघ्र ही स्वदेशी जागरण मंच की श्रीमाधोपुर तहसील कार्यकारिणी का गठन कर स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के तहत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उपभोग तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की मुहिम चलाएंगे

मंदिर में डी फ्रिज भेंट

श्रीमाधोपुर कस्बे के मंदिर श्री गोपीनाथ जी श्रीमाधोपुर मे मालीराम जी बजाज चोमू वालों की ओर से एक डीप फ्रीज भेंट किया गया जिसकी लागत लगभग 40 हजार है ,उक्त डी फ्रिज का उपयोग ठाकुर जी के माला श्रृंगार ,भोग, एवं राग की वस्तुओं कोसुरक्षित रखने के लिए किया जाएगा। उपस्थित सभी भक्तों ने मालीराम चोमू वालों को धन्यवाद देते हुई उनकी मनोरथ पूर्ति हेतु ठाकुर से निवेदन किया उक्त समारोह में सुभाष नारिया , मुरारी न्यारिया , कालूराम सैनी , हेमंत शर्मा, रामनाथ शर्मा , माली राम शर्मा, गिरधारी लाल चौधरी आदि भक्तगण उपस्थित थे।

ग्रामीण क्षेत्र में नलकूपों की स्वीकृति

पावटा । विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के ग्रामीण क्षेत्र में विधायक कुलदीप धनकड की अनुशंसा पर पेयजल हेतु 15 हैडपंपों की स्वीकृति मिली है। विधायक कुलदीप धनकड ने नलकूपों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का आभार जताया है। जानकारी देते हुए जलदाय विभाग विराटनगर के सहायक अभियंता दयाराम चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत नलकूपों में ग्राम पंचायत बड़ोदिया के ग्राम बड़ोदिया में कुंडाल, ग्राम पंचायत भामोद के ग्राम कुकडेला में मंदिर के पास, ही कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर ग्रामीणों ने अटल सेवा केंद्र के ताला ठोका

निवाई। गांव पराना में क्षतिग्रस्त सड़क के ममाले को लेकर नाराज ग्रामीणों ने सड़क निर्माण करवाने की मांग को लेकर अटल सेवा केंद्र पर ताला लगाकर

- आक्रोशित ग्रामीणों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का बहिष्कार किया
- अधिकारियों की समझाईस के बाद ग्रामीणों ने खोला ताला

निवाई के गांव पराणा में क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का बहिष्कार किया। ग्रामीणों ने बताया कि बरौनी से सिरस सडक़ पर कालीवाडा ढाणी के सामने सडक़ उखडऩे से गहरे गड्ढे हो गए हैं। सडक के गड्ढों में बरसात में पानी भरने से राहगीरों व ग्रामीणों को समस्याएं बनी हुई है। कई दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सडक़ के निर्माण की मांग को लेकर प्रशासन से कई बार अवगत करवाने के बाद भी रास्ते पर नाली व पक्की सडक़ नहीं बनाई गई है। जिससे गांव पराना, वजीराबाद व खलीलाबाद के नाराज ग्रामीणों ने सडक़ निर्माण की मांग को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का बहिष्कार कर अटल सेवा केंद्र के ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाईस करने के लिए नायब तहसीलदार पूजा अटल, सरपंच गिर्राज बूरी, गिरदावर मुकेश बिंदोरा व हल्का पटवारी रामजीलाल चौधरी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांग को देखते हुए क्षितग्रस्त सडक़ का अवलोकन कर सडक़ को जल्दी ही ठीक करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिकारियों की समझाईस के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन बन्द करके अटल सेवा केंद्र का ताला खोला और पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया।

मनोज बंसिया का अभिनंदन

श्रीमाधोपुर । विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज बंसिया का श्रीमाधोपुर रोटरी भवन में सर्व समाज संघ सामाजिक संगठनों के द्वारा एक साथ नागरिक अभिनंदन किया। यह जानकारी देते हुए मुकेश कुमार शर्मा ने बताया गया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राम रतन सोनी ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुर्वेद चिकित्सा डॉक्टर चंद्र प्रकाश व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजशास्त्री डॉक्टर सोहनलाल शर्मा ने कहा कि आज हिंदू समाज संक्रमण काल से गुजर रहा है संक्रमण काल से निकलने के लिए गांव-गांव मोहल्ले मोहल्ले में संगठन खड़ा करना होगा विशिष्ट अतिथि राम रतन सोनी ने मनोज बंसिया के उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ चंद्र प्रकाश व्यास ने कहा हिंदू समाज की एकता सामानता और विकास के लिए एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष डा. माधव सिंह ने संकल्पित होकर समाज के लिए काम करने का आव्हान किया।नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मनोज बंसिया ने कहा की हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को विधर्मी शक्तियों के खिलाफ एकजुटता से काम करने की आवश्यकता है ।

दो पंप मंगवाए

मनोहरपूर । कई अधिकारी ऐसे भी होते है जो जनता के भले के लिए दिन रात सोचते है और कार्य को अंजाम देते है ऐसे लोग ही जनता के दिलो में राज करते है उन्ही अफसरों में है एक अधिकारी है मनोहरपूर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव, अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव के निर्देश पर नगर पालिका ने जलभराव वाले स्थानों पर पंप लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की है। साथ ही पंप ऑपरेटरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्य बस स्टैंड पुलिया के नीचे बने नाले से कीचड़ निकलवाया गया। मानसून से पहले ही नगर पालिका ने तैयारी शुरू कर दी है, जिससे शहर में जलभराव की समस्या न हो। अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि जलभराव की बार-बार शिकायत मिलने पर मट पंप मंगवाए गए हैं । अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव की पहल से मनोहरपुर नगर पालिका ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं उनकी दूरदर्शिता और सक्रियता से शहरवासियों को मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव व भाजपा नेता उपेन यादव ने गत दिवस बस स्टैंड नाले का निरीक्षण किया था, जहां स्थानीय निवासियों ने उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था। वहीं अधिशाषी अधिकारी ने टेंडर कर नाले की सफाई करवाई और दो मट पंप मंगवाए गए हैं।

जल संकट पर अधिकारियों को निर्देश

भरतपुर (निस)। भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली ने अपने बयाना निवास कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए आमजन की विभिन्न समस्याएं सुनीं। भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र में उत्पन्न जल संकट को लेकर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पानी की समस्या से अवगत कराया।

कोली ने जनता की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से तुरंत समुचित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा की आपूर्ति बाधित होना बेहद चिंताजनक है और इसके निराकरण के लिए प्रशासन को त्वरित कदम उठाने चाहिए पूर्व सांसद के आवास पर प्रतिदिन दर्जनों लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं, जिनमें पेयजल संकट, बिजली की समस्या, आवास, पेंशन, व सामाजिक योजनाओं से जुड़ी शिकायतें शामिल हैं। कोली ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी कहा कि जनसेवा ही उनका उद्देश्य है । और वे सदैव जनता के साथ खड़ी रहेंगी।

पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे : संभागीय आयुक्त

- कोई भी नागरिक शिविरों से निराश नहीं लौटे : कलक्टर

भरतपुर (निस)। नये संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी एवं नवीन जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर मौके पर सभी विभागों को पात्रजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने उच्चौन ब्लॉक के ग्राम पंचायत फतेहपुर में एवं सेवर ब्लॉक के ग्राम पंचायत जघीना में शिविर का निरीक्षण कर विभागवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिये कि शिविर में आया हुआ कोई भी व्यक्ति निराश नहीं लौटे। संभागीय आयुक्त ने कहा कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पशुओं में टीकाकरण, राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये शिविर से पूर्व प्रचार-प्रसार कर मौके पर लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप शिविर में शामिल सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायत का कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकारी आवश्यकता पडने पर प्री कैम्प आयोजित कर योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर शिविर के दौरान लाभान्वित करें। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम को ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक आपसी सहमति से खाते विभाजन कराने, रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, नामांतकरण व सीमाज्ञान के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को गलघोंटू व लंगडा बुखार के टीके लगाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें, प्रत्येक पशुपालक को जानकारी देकर टीकाकरण करें। उन्होंने पंचायत राज विभाग को सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी प्रकार की पेंशनों का सत्यापन करने, पात्रजनों को स्वामित्व का पट्टा जारी करने एवं विभागीय योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग को गांवों में जलाशयों की सफाई कराने, लीकेज ठीक करने, विद्युत निगम को ढीले तार ठीक करते हुये विद्युत समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, उपखण्ड अधिकारी उच्चौन भारती गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, एसीईओ विनय मित्र, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, अधीक्षण अभियंता जलदाय नरेन्द्र वर्मा, विद्युत रामहेत मीना, संयुक्त निदेशक पशुपालन खुशीराम मीणा सहित संबंधित विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

फतेहपुर शिविर में पंचायत राज विभाग द्वारा 25 पेंशनों का सत्यापन करते हुये एक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया । शिविर में एक पट्टा जारी किया, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में तीन परिवारों का सत्यापन किया गया। जलदाय विभाग द्वारा उच्च जलाशय की सफाई करवाई गई तथा दो लीकेज ठीक कराए गए। राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से पांच विभाजन किए गए एवं 10 नामांकन खोले गए तथा एक रास्ते से अतिक्रमण हटाया गया। शिवर में दो सीमा ज्ञान तथा एक पत्थर गढी कराई गई, 10 जाति प्रमाण पत्र व 10 मूल निवास पत्र जारी किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा की 10 पेंशनों का सत्यापन किया गया, पशुपालन विभाग द्वारा 165 पशुओं की जांच की गई ।

जनप्रतिनिधि निक्षय मित्र बने

निवाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़ागांव, अरनिया और श्रीरामपुरा में कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निक्षय पोषण योजना के तहत जरूरतमंद रोगियों को पोषण किट वितरित की गई। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णुकान्त खंगार ने बताया कि कैंप के दौरान बड़ागांव सरपंच पिंकीदेवी सांखला ने समाज में जागरूकता फैलाते हुए खुद निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगी रामराय सांखला और गोकुल देवी को पोषण किट भेंट की। वहीं ग्राम पंचायत अरनिया में निक्षय मित्र मुकेश गुर्जर और राजाराम मीना ने बसराम नामक टीबी रोगी को पोषण सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर तहसीलदार नरेश गुर्जर और बीसीएमओ डॉ. पवन हाथीवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने निक्षय योजना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और टीबी मुक्त भारत की दिशा में यह एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को टीबी रोग के लक्षण के बारे में बताया।

जमाबंदी की त्रुटि दुरूस्त की

अलवर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कडी में रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत साहडोली में आयोजित शिविर में साहडोली निवासी महता के राजस्व रिकॉर्ड को दुरुस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी महता ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में पिता का नाम एवं जाति गलत दर्ज हो जाने के कारण काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 24 जून को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में पिता के नाम व जाति त्रुटि को दुरूस्त कराने के अवगत कराया ।

पखवाड़े का उद्देश्य है अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे : कलेक्टर

किशनगढ़ बास। पंचायत समिति किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत औदरा पर मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के प्रथम दिन लगे शिविर का जिला कलक्टर किशोर कुमार ने निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने शिविर में पहुंच कर विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं और वस्तुस्थिति की जानकारी ली शिविर और लाभार्थियों से संवाद कर शिविर का फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्व विभाग को आवंटित कार्यों, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, आवेदन प्राप्ति और सर्वे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई के वाईसी, पीएचईडी विभाग को टंकियों की साफ सफाई एवं लीकेज की मरम्मत करने को कहा एवं लंबित कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पेंशन सत्यापन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने, राजस्व विभाग को लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को स्वामित्व कार्ड वितरण करने एवं जल संरचनाओं की मरम्मत के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामजनों से अपील की कि शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पात्रतानुसार सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। 25 जून को उपखंड किशनगढ़ बास में कोलगांव एवं मेहरमपुर, उपखंड कोटकासिम में बघेरी खुर्द, नांगल सालिया, उपखंड मुंडावर में करनीकोट, ततारपुर एवं शामदा, उपखंड टपूकड़ा में मसीत एवं खिदरपुर, उपखंड तिजारा में राय खेड़ा एवं हिंगवाहेडा में कैंप आयोजित किए जाएंगे।

गांव ओदरा में आयोजित शिविर का कलेक्टर किशोर कुमार ने निरीक्षण किया ।

भाजपा सरकार में गांव, किसान, गरीब का उत्थान : सांसद राव राजेंद्र सिंह

- मोदी सरकार के गौरवशाली 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि कार्यशाला का शाहपुरा में आयोजित

शाहपुरा । मोदी सरकार के गौरवशाली 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक के उपलक्ष्य में भाजपा शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की कार्यशाला चन्द्र महल पैलेस गार्डन शाहपुरा में मंगलवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई।

भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राव राजेंद्र सिंह ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं धूप दीप जलाकर किया।

इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के 11 साल में गांव, किसान, गरीब का उत्थान हुआ है। भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र न होकर संकल्प पत्र है जो कि सिद्ध भी हुआ है। जिनमें सभी जनकल्याणकारी योजनाएं है जिसमे सभी लोगों को समान रूप से लाभ मिला है। जिसमें विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ई बस सेवा, अटल मिशन, भारतीय जन आयुष परियोजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इनफार्मेशन, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, कोरोना निदान वैक्सीन, नई शिक्षा नीति, धारा 370 खत्म, तीन तलाक़ बिल, जीएसटी, खुले में शौच से मुक्ति, महिलाओं को जहरीले धुएं से मुक्ति, संसद में 33 महिलाओं को आरक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल से जल, भ्रष्टाचार मुक्त मिनिस्ट्री, जीरो बम धमाके, दुनियां में दूसरे नंबर पर मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, 100 रेलवे विद्युतीकरण की तरफ़ अग्रसर, 12.1 प्रतिदिन से 28.6 प्रतिदिन सड़कों का निर्माण, सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों की संख्या 40 पहुंची, जल्द ही 75 करने का इरादा, बुलेट ट्रेन, बड़े शहरों को मेट्रो से जोड़ना, पेमेंट, कोविड हैंडलिंग और मुक्त टीकाकरण आदि कई जनकल्याणकारी योजनाओं से हमारे भारत देश की उन्नित हुई है। इस दौरान भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व प्रधान एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंजू सैनी, भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, रामचंद्र यादव, आदि मौजूद थे।

भाजपा शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की कार्यशाला जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई।

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे पूजनीय पिताजी

अशोक कुमार गोयल

(अलीपुर वाले) का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2025, मंगलवार को हो गया है। तीये की बैठक 25.06.2025, बुधवार को श्याम 4 से 5 बजे तक सामुदायिक केंद्र (घर के पास), श्याम वाटिका, के. डी. पब्लिक स्कूल के सामने वाली गली, वाटिका रोड, जयपुर में होगी।

शोकाकुल- मदन गोयल, कैलाश गोयल, सुनील गोयल (भ्राता), नितेश गोयल, रोहित गोयल (पुत्र), भरत, यश (भतीजे), तनिश (पौत्र) एवं समस्त गोयल परिवार।

मो. 9828123044, 9828228680, 8377068387, 9602765070

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण एवं आम खास को सूचित किया जाता है हम रामनिवास कश्यप पुत्र रामचन्द्र कश्यप एवं श्रीमती मीरा देवी पत्नि रामनिवास कश्यप निवासी 17, गोपी कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर के रहने वाले है। हमारे पुत्र आशिष कश्यप, संदीप कश्यप एवं उनकी पत्नी प्रियंका कश्यप व सपना कश्यप हमारे कहने सुनने मे नही है एवं खिलाफ है जो कि अन्य लोगो की बातो मे आकर हमसे लड़ाई झगड़ा करते है जिस कारण हमने दोनो पुत्र आशिष कश्यप व संदीप कश्यप व पुत्रवधू प्रियंका कश्यप व सपना कश्यप को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके साथ हमारा कोई भी पारिवारिक रिश्ता नही है । यदि कोई व्यक्ति इनके साथ हमारा नाम लेकर व विश्वास मे लेन देन करता है तो इसमे हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी। अतः सूचित रहे ।
दिनांक रामनिवास कश्यप, मीरा देवी कश्यप

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती अंजू पोद्दार पत्नी श्री राजेश कुमार पोद्दार ने श्री दीपक सेठी पुत्र श्री रमेश चन्द सेठी एवं श्रीमती उषा सेठी पत्नी श्री दीपक सेठी निवासी मकान न. जी-154, श्याम नगर विस्तार, जयपुर से एक आवासीय भूखण्ड संख्या जी- 154, जो न्यू पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की श्याम नगर विस्तार योजना द्वारा आवंटित किया हुआ है एवं जिसका वर्तमान में जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा क्षेत्रफल 233.33 व.ग. का पटटा जारी है को क्रय करने के लिए इकरारनामा किया है यदि किसी भी तरह से उक्त सम्पति में हित रखने वाला कोई भी व्यक्ति जिसे उक्त विक्रय से आपत्ति है तो इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7(सात) दिनों के भीतर सम्बधित दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नही की जाती हैं तो मेरी अभिभाष्या उक्त सम्पति की रजिस्ट्री अपने हक में करा लेगी। शैलेन्द्र सिंह परमार, एडवोकेट, प्लॉट नम्बर 18, शिव कॉलोनी, किसान मार्ग, टोंक फाटक, जयपुर। मोबाईल नम्बर 9829051411 शैलेन्द्र सिंह परमार एडवोकेट मो.न. 9829030989

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल डॉ.रियाजुद्दीन निवासी प्लाट नंबर 47, नींदड राव जी का रास्ता, चांदपोल, जयपुर का पुत्र आमिर मेरे कहने में नहीं है एवं उसने मेरी मर्जी के खिलाफ जाकर अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया है तथा उसने मेरे मुवक्किल की सामाजिक प्रतिष्ठा व मान सम्मान को नुकसान पहुंचाया है, इसलिए मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र आमिर को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से आमिर का मेरे मुवक्किल व उसकी चल-अचल संपत्ति से कोई संबंध व हक अधिकार नहीं रहा है तथा आमिर के द्वारा किये जाने वाले संव्यवहार, लेन-देन व कार्यों के बारे में मेरे मुवक्किल की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं हैं। अतः सूचित रहे।
(मौहम्मद आबिद) एडवोकेट, मो.-9782590863, 9352570361

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-4777 दिनांक-23/06/2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 105/172 (MIG-B) का आवंटन श्री मूल चन्द रैंगर पुत्र स्व. गंगा राम रैंगर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2480 दिनांक 07.12.1996 को जारी किया गया था। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 05.03.1997 को कर दिया गया।
श्री मूल चन्द रैंगर की मृत्यु दिनांक 16.06.2021 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती मीनाक्षी पत्नी स्व. श्री मूल चन्द रैंगर द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम रजिस्ट्रर्ड हक त्याग के आधार पर मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती मीनाक्षी पत्नी स्व. श्री मूल चन्द रैंगर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

खोया पाया
मेरे मकान नंबर 22 बी 40 RHB स्कीम प्रताप नगर, सांगानेर के सभी मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें रीना हाडा 9828299940

मेरा मकान नम्बर 10/H/128 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर का अलाटमेंट लेटर नम्बर 2493 कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें विनोद-9680460910

नाम परिवर्तन
मैने मेरी माता का नाम लालो गोयल से बदलकर चंद्रकला गोयल रख लिया है भविष्य में इन्ही इसी नाम से जाना जावे। 162/16 सैक्टर 16, प्रतापनगर, सांगानेर

मैं विनोद कुमार ने अपने पुत्र का नाम Pranay Raj (Pushpit) एवं Pranay Raj एवं Pushpit से बदलकर Pranay Raj Maheshwari रख लिया है। निवासी-शास्त्री नगर, सिरोही (राज.) वर्तमान पता- 52/71 कृष्णा नगर रंगबाड़ी, कोटा (राज.)

मैं अपना नाम ब्रजेश कुमार शर्मा से बदलकर ब्रजेश शर्मा कर रहा हुं भविष्य में मुझे इसे इसी नाम से जाना जावे एफ-3 प्लॉट नं.45 शिव विला-3 कैलाशपुरी कॉलोनी कांटा चौराहा झोटवाडा जयपुर-302012. 9461338030

I HAVE CHANGED MY NAME FROM DHARMENDRA KUMAR SONI TO DHARMENDRA SONI THEREFORE I WILL BE KNOWN OR DISTINGUISHED IN PUBLIC BY NEW NAME OF DHARMENDRA SONI, P.NO. 81-B ROOP NAGAR-2, MAHESH NAGAR LALKOTHI JAIPUR RAJASTHAN-302015

I HAVE CHANGED MY NAME FROM SUSHEELA DEVI MOSUN TO SUSHILA DEVI MOSUN THEREFORE I WILL BE KNOWN OR DISTINGUISHED IN PUBLIC BY NEW NAME OF SUSHILA DEVI MOSUN A-57, SHREERAM MARG, SHYAM NAGAR, SODALA JAIPUR RAJASTHAN-302019

I HAVE CHANGED MY NAME FROM MEENAKSHEE AGRAWAL TO MAYA AGARWAL THEREFORE I WILL BE KNOWN OR DISTINGUISHED IN PUBLIC BY NEW NAME OF MAYA AGARWAL, 17 JAI JAWAN COLONY 3RD JLN MARG Jaipur Rajasthan-302018

सार्वजनिक सूचना
यह सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि एफ-1038, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, भिवाड़ी स्थित संपत्ति मैसर्स दीपक इंडस्ट्रीज की स्वामित्व वाली संपत्ति है, जिसे उन्होने 12.06.2024 को मैसर्स आर. एस. कुकवेयर प्रा. लि. से बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदा है। निम्नलिखित मूल चेन शीर्षक दस्तावेज उपरोक्त संपत्ति से संबंधित हैं जो गुम हो गए है और अनुपलब्ध है।
- मूल आवंटन पत्र क्रमांक 1577 दिनांक 29.04.1999
- कार्यालय आदेश क्रमांक 2921 दिनांक 15.07.1999 (नाम परिवर्तन हेतु)
- मूल लीज़ डीड दिनांक 31.03.2000, जो RIICO और M/s OHP Food Products Pvt. Ltd. के बीच निष्पादित हुआ
- मूल सशर्त विलेख दिनांक 01.05.2008, जो राजस्थान वित्तीय निगम और श्री सतीश जैन के बीच निष्पादित हुआ
- मूल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 19.10.2011, श्री सतीश जैन द्वारा श्री मनीष गर्ग के पक्ष में
- मूल बिक्री विलेख दिनांक 16.08.2021. श्री सतीश जैन, श्री मनीष गर्ग (पीओए) धारक और एम/एस आर.एस. कुकवेयर के बीच निष्पादित मूल ट्रांसफर पत्र क्रमांक 3537-3540 दिनांक 19.09.2012 इस संदर्भ में FIR NO. LR No. 915720/2020 दिनांक